प्रतिदर्श प्रश्नपत्र
वर्ष– 2024–25
विषय–इतिहास (110)

समय : 3 घण्टे    कक्षा–**XII**    पूर्णांक : 80

निर्देशः **(I)** **इस प्रश्नपत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।**
(II) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
(III) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
(IV) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
(V) प्रश्न संख्या 8 से 11 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।
(VI) प्रश्न संख्या 12 से 18 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 125 शब्दों में दीजिए।
(VII) प्रश्न संख्या 19 से 23 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।
(VIII) प्रश्न संख्या 24 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
(IX) प्रश्न संख्या 25 से संबंधित मानचित्र को अपनी उत्तर–पुस्तिका में संलग्न कीजिए।
(X) इस प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

1. (क) 'मृतकों का टीला' किसे कहा जाता है– 1
   (I) हड़प्पा (II) कालीबंगा
   (III) मोहनजोदडो (IV) लोथल

   (ख) 'इण्डिका' की रचना किसने की– 1
   (I) चाणक्य (II) मेगस्थनीज
   (III) अशोक (IV) चन्द्रगुप्त मौर्य

   (ग) किन शासकों को उनके मातृनाम से चिन्हित किया जाता है– 1
   (I) कुषाण (II) शुंग
   (III) मौर्य (IV) सातवाहन

   (घ) जैन परम्परा के अनुसार 24 वें तीर्थंकर किसे माना जाता है– 1
   (I) महावीर (II) पार्श्वनाथ
   (III) ऋषभदेव (IV) गौतम बुद्ध

   (ङ) किताब–उल–हिन्द किसकी रचना है। 1
   (I) अल–बरूनी (II) इब्नबतूता
   (III) बर्नियर (IV) दयाराम साहनी

(च) नयनार किस मत से सम्बन्धित थे– 1

(I) वैष्णव मत (II) शैव मत

(III) इस्लाम मत (IV) सिक्ख मत

(छ) स्थायी बन्दोबस्त किसके शासन काल में लागू हुआ– 1

(I) वारेन हेस्टिंग्ज (II) मैकाले

(III) कॉर्नवालिस (IV) विलियम बैंटिक

(ज) '1857 का विद्रोह' कब और कहां प्रारम्भ हुआ– 1

(I) 11 मई, लखनऊ (II) 10 मई, मेरठ छावनी

(III) 20 मई, दिल्ली (IV) 17 मई, अवध

**निर्देश : प्रश्न संख्या–1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (I),(II), (III) तथा (IV) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।**

(I) A तथा R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(II) A तथा R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(III) A सही है परन्तु R गलत है।

(IV) A तथा R दोनों गलत है।

(झ) **अभिकथन (A)** : पुरातत्वविदों और इतिहासकारों को हड़प्पा लिपि रहस्यमय लगती है। 1

**कारण (R)** : हड़प्पा लिपि आज तक पढ़ी नहीं जा सकी है।

(ञ) **अभिकथन (A)** :डांडी यात्रा महात्मा गांधी द्वारा 1930 में शुरू की गयी थी। 1

**कारण (R)** : डांडी यात्रा का उद्देश्य भारत में ब्रिटिश शासन की नीतियों के प्रति समर्थन व्यक्त करना था। ।

2. बौद्ध और जैन धर्म के आरम्भिक ग्रन्थों में कितने महाजनपदों का उल्लेख मिलता है? 1
3. त्रिपिटक में किसकी शिक्षाओं को संग्रहित किया गया है? 1
4. शेख सलीम चिश्ती की दरगाह कहां स्थित है? 1
5. किस युद्ध में पराजित होने के बाद विजयनगर राज्य का पतन हुआ? 1
6. 'पॉवर्टी एण्ड अन–ब्रिटिश रूल इन इण्डिया' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं? 1
7. 13 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा के सामने 'उद्देश्य प्रस्ताव' किसने रखा? 1
8. हड़प्पा सभ्यता का अन्त किस प्रकार हुआ होगा चर्चा कीजिए। 2
9. ''भारतीय उपमहाद्वीप की मस्जिदों का स्थापत्य सार्वभौमिक आदर्शों और स्थानीय परम्पराओं का सम्मिश्रण है।'' इस कथन से आप कहां तक सहमत है? 2
10. रैयतवाड़ी बन्दोबस्त से आप क्या समझते है?
11. गांधी–इरविन समझौते पर प्रकाश डालिये? 2
12. जैन धर्म और बौद्ध धर्म में क्या समानताएँ हैं? 3
13. स्तूप क्यों और कैसे बनाए जाते थे? संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 3

अथवा

बौद्ध धर्म की भारतीय समाज को तीन महत्वपूर्ण देन लिखिए? । 3

14. ''विजयनगर एक विशिष्ट स्थापत्य शैली से अभिलक्षित था।'' इस कथन की विजयनगर के धार्मिक स्थापत्यों के उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए। 3

15. सोलहवीं–सत्रहवीं सदी में कृषि उत्पादन को किस हद तक महज गुजारे के लिए खेती कह सकते हैं? अपने उत्तर के कारण स्पष्ट कीजिए। 3

16. अलवार और नयनार सन्तों ने किस प्रकार जाति प्रथा की आलोचना की? 3

अथवा

रिहला पर एक लेख लिखिए। 3

17. ग्रामीण बंगाल में 'जोतदारों' के उत्कर्ष का वर्णन कीजिए । 3

18. नीति–निदेशक सिद्धान्तों से क्या आशय है? संक्षिप्त वर्णन करो। 3

अथवा

संविधान सभा में राज्यों की तुलना में केन्द्र के लिए ज्यादा शक्तियों के पक्ष में क्या तर्क दिए गए? उल्लेख कीजिए। 3

19. हड़प्पा सभ्यता की खोज की कहानी का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

हड़प्पा सभ्यता के शहरों की जलनिकास प्रणाली, नगर–योजना की ओर संकेत करती है। क्या आप इससे सहमत हैं? कारण सहित लिखिए। 5

20. वी0एस0 सुकथांकर के द्वारा बीसवीं शताब्दी में किए गए महाभारत के संकलन के विभिन्न सोपानों का वर्णन कीजिए। 5

21. मुगलकालीन भू–राजस्व व्यवस्था का वर्णन कीजिए। 5

22. विजयनगर साम्राज्य का सबसे महत्त्वपूर्ण शासक कौन था? उसकी उपलब्धियों का विवरण दीजिए। 5

अथवा

विजयनगर साम्राज्य की राजनीतिक दशा पर प्रकाश डालिए। 5

23. 1857 के विद्रोह के लिए कौन से सामाजिक तथा धार्मिक कारण उत्तरदायी थे? 5

अथवा

महात्मा गांधी ने राष्ट्रीय आन्दोलन के स्वरूप को किस तरह बदल डाला। 5

24. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा इसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपना तीसरा बड़ा आंदोलन छेड़ने का फैसला लिया। अगस्त 1942 में शुरू हुए इस आंदोलन को ''अंग्रेजों भारत छोड़ो'' का नाम दिया गया था। हालांकि गांधी जी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया था लेकिन देश के युवा कार्यकर्ता हड़तालों और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन चलाते रहे। कांग्रेस में जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी सदस्य भूमिगत प्रतिरोध गतिविधियों में सबसे ज्यादा सक्रिय थे। पश्चिम में सतारा और पूर्व में मेदिनीपुर जैसे कई जिलों में ''स्वतंत्र'' सरकार (प्रतिसरकार) की स्थापना कर दी गई थी। अंग्रेजों ने आंदोलन के प्रति काफी सख्त रवैया अपनाया फिर भी इस विद्रोह को दबाने में सरकार को साल भर से ज्यादा समय लग गया। ''भारत छोड़ो'' (Quit India) आंदोलन था जिसमें लाखों आम हिंदुस्तानी शामिल थे। इस आंदोलन ने युवाओं को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित किया। उन्होंने अपने कॉलेज छोड़कर जेल का रास्ता अपनाया। जिस दौरान कांग्रेस के नेता जेल में थे उसी समय जिन्ना तथा मुस्लिम लीग के उनके साथी अपना प्रभाव क्षेत्र

फैलाने में लगे थे। इन्हीं सालों में लीग के उनके साथी अपना प्रभाव क्षेत्र फैलाने में लगे थे। इन्हीं सालों में लीग को पंजाब और सिंध में अपनी पहचान बनाने का मौका मिला जहां अभी तक उसका कोई खास वजूद नहीं था।

(I) भारत छोड़ो आन्दोलन कब शुरू हुआ? 1

(II) भारत छोड़ो आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया? 1

(III) भारत छोड़ो आन्दोलन का महत्व अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए। 3

25. दिए गये भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर ऐतिहासिक महत्व के निम्नलिखित नगरों को अंकित कर उनके नाम भी लिखिए– 5

(I) दिल्ली (II) मगध (III) राखीगढ़ी (IV) सांची (V) कार्ले

**नोट : निम्नखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए उपर्युक्त प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर है।**

**भारत के उन राज्यों के नाम लिखिए जहां निम्न ऐतिहासिक स्थान स्थित है–**

(I) दिल्ली (II) मगध (III) राखीगढ़ी (IV) सांची (V) कार्ले